| |
|---|
| दिनांक 14.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 31/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद अमरोहा/थाना डिडौली**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 13.01.2026 की रात्रि थाना डिडौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नीलीखेड़ी पुल के निकट पुरानी बन्द पड़ी कालोनी के गेट के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त कलीम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना डिडौली पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना डिडौली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कलीम निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना डिडौली जनपद अमरोहा।

**बरामदगी**

1—01 मोबाइल फोन।

2—01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बाराबंकी/थाना जैदपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14.01.2026 को थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भनौली नहर पुलिया के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त मोहम्मद वसीम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना जैदपुर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बाराबंकी, अमेठी, बहराइच, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 25 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जैदपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मोहम्मद वसीम निवासी ग्राम जमलापुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद सोनभद्र/थाना कोन

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 14.01.2026 को थाना कोन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से

मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त कृष्णा उर्फ कृष्णदेव घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 02 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जनपद सोनभद्र से वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद सोनभद्र के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोन पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कृष्णा उर्फ कृष्णदेव निवासी नौडिहा थाना कोन जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी**

1–02 मोबाइल फोन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद औरैया/थाना थाना साइबर क्राइम

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 लाख 29 हजार 600 रूपये नगद**
- **103 क्यूआर स्कैनर, 03 मोबाइल फोन, 04 फर्जी सिमकार्ड आदि बरामद**

दिनांक 14.01.2026 को थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ककोर बंबा के पास से 02 अभियुक्तों 1–निखलेश 2–उद्धभ्य उर्फ गगन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 02 लाख 29 हजार 600 रूपये नगद, 103 क्यूआर स्कैनर, 03 मोबाइल फोन, 04 फर्जी सिमकार्ड आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो भोले–भाले दुकानदारों से उनका फोन–पे का बॉक्स ठीक करने व क्यू आर कोड

बनाने के नाम पर उनकी बैंकिग जानकारी आदि प्राप्त कर धोखाधड़ी की घटना कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—निखलेश निवासी ग्राम कैरानी थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

2—उद्धभ्य उर्फ गगन निवासी गंगागंज कॉलोनी थाना पनकी जनपद कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1—02 लाख 29 हजार 600 रूपये नगद।

2—103 क्यूआर स्कैनर, 03 मोबाइल फोन, 04 फर्जी सिमकार्ड आदि।

## जनपद फतेहपुर/थाना गाजीपुर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **92.06 किग्रा अवैध गांजा**
- **नगद रूपये**
- **01 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 13/14.01.2026 को थाना गाजीपुर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त राजेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 92.06 किग्रा अवैध गांजा, नगद रूपये, 01 चार पहिया वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राजेश निवासी खांडा थाना अनूपपुर जनपद अनूपपुर, म0प्र0।

**बरामदगी**

1—92.06 किग्रा अवैध गांजा।

2—नगद रूपये।

3—01 चार पहिया वाहन।

- **जनपद बलिया/थाना सहतवार (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 29 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बलिया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बलिया द्वारा थाना सहतवार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 323/504/506 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अजय उर्फ गुड़मुड़िया को 25 वर्ष के सश्रम कारावास व 29 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————